# PAPER-II
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 0 1 1 3**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

# ECONOMICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The cost incurred by the firm in hiring labour is called as
(A) Explicit Cost
(B) Implicit Cost
(C) Marginal Cost
(D) Total Cost

**2.** The locus of Pareto Optimality in Production and Consumption is given by
(A) The Social Welfare Function
(B) The Utility Possibility Curve
(C) The Transformation Curve
(D) The Grand Utility Possibility Curve

**3.**

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Tea and Coffee | 1. Veblen goods |
| b. Car and Petrol | 2. Substitutes |
| c. Gold and Diamonds | 3. Giffen goods |
| d. Ragi and Bajra | 4. Complementary |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**4.** **Assertion (A) :** In the short run under perfect competition, given the market demand and market supply the industry is in equilibrium at that price which clears the market.
**Reason (R) :** In the long run all the firms in the industry earn profit.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**5.** Put the following in chronological order on the basis of development :
i. Law of Demand
ii. Revealed Preference Analysis
iii. Indifference Curve Analysis
iv. Law of Diminishing Marginal Utility

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | i | iv | iii | ii |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**6.** If the monopolist incurs loss in the short run, then in the long run
a. he will go out of business
b. he will stay in business
c. he will break even
d. any of the above is possible
(A) a and b (B) a and c
(C) a only (D) d only

**7.** The condition of Pareto Optimality holds correct under
(A) Perfect Competition
(B) Monopolistic Competition
(C) Oligopoly
(D) Monopoly

**8.** **Assertion (A) :** Compared to the individual supply curve, the aggregate supply curve is more elastic.
**Reason (R) :** There is the possibility of moving between being out of the labour force and being in the labour force.
Choose amongst the following the correct answer.
**Codes :**
(A) (A) is correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) (A) is correct and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

# अर्थशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** एक फर्म द्वारा श्रम को भाड़े में रखने की लागत क्या कहलाती है ?

(A) सुस्पष्ट लागत (B) अंतर्निहित लागत

(C) सीमान्त लागत (D) कुल लागत

**2.** उत्पादन तथा उपभोग में पेरेटो इष्टतमता का बिन्दुपथ किसके द्वारा दर्शाया जाता है ?

(A) समाज कल्याण फलन

(B) उपयोगिता सम्भाव्यता वक्र

(C) रूपान्तर वक्र

(D) महा उपयोगिता संभाव्यता वक्र

**3.**

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | चाय एवं कॉफी | 1. | वैबलन वस्तुएँ |
| b. | कार एवं पेट्रोल | 2. | वैकल्पिक वस्तुएँ |
| c. | स्वर्ण एवं हीरे | 3. | गिफिन वस्तुएँ |
| d. | रागी एवं बाजरा | 4. | पूरक वस्तुएँ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**4.** **अभिकथन (A)** : पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत अल्पकाल में, बाजार माँग एवं बाजार आपूर्ति प्रदत्त होने पर उद्योग में उस कीमत पर संतुलन होता है जो बाजार में माँग एवं पूर्ति को बराबर करती हैं ।

**कारण (R)** : दीर्घ काल में उद्योग में सभी फर्में लाभ कमाती हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**5.** निम्नलिखित को विकास के आधार पर कालानुक्रमिक क्रम में रखें :

i. माँग का नियम

ii. अभिव्यक्त अधिमान विश्लेषण

iii. उदासीनता वक्र विश्लेषण

iv. ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता का नियम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | i | iv | iii | ii |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**6.** यदि एक एकाधिकारी अल्पकाल में हानि उठाता है तो फिर दीर्घकाल में वह

(a) व्यवसाय खो बैठेगा ।

(b) व्यवसाय में ही रहेगा ।

(c) संतुलन स्तर रखेगा ।

(d) उपर्युक्त में से कोई भी संभावित है ।

(A) a और b (B) a और c

(C) केवल a (D) केवल d

**7.** पेरेटो इष्टतमता की स्थिति किसके अन्तर्गत सही रहती है ?

(A) पूर्ण प्रतियोगिता

(B) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(C) अल्पाधिकार

(D) एकाधिकार

**8.** **अभिकथन (A)** : व्यक्तिगत पूर्ति वक्र की तुलना में, समग्र पूर्ति वक्र ज्यादा लोचदार होता है ।

**कारण (R)** : श्रम बल से बाहर होने तथा श्रम बल में होने के बीच आने-जाने की संभावना रहती है ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट** :

(A) (A) सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**9.** Assuming life cycle hypothesis, let a person starts working when he is 20 years old, works until the age of 60 and expects to die at the age of 70. If this person earns, say ₹ 1.50 lac annually when he is 20-30 years, ₹ 2 lac annually when he is 30-45 years, and ₹ 3 lac annually when he is 40-60 years, then his life time average propensity to consume is

(A) 0.60

(B) 0.70

(C) 0.80

(D) 0.90

**10.** With reference to demand for money, match List – I with List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Demand for money is stable | 1. | J.M. Keynes |
| b. | Liquidity Preference as behaviour towards risk | 2. | W. Baumol |
| c. | Inventory Theoretic Approach | 3. | James Tobin |
| d. | No portfolio diversification | 4. | Milton Friedman |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**11.** The negative relationship between the gap between actual GDP and its trend value and the difference between actual unemployment rate and its equilibrium value is called

(A) The Aggregate Supply Curve

(B) The Phillips Curve

(C) The Natural Rate of Unemployment Hypothesis

(D) Okun's Law

**12.** It is often true that as the economy begins to recover from a recession, the unemployment rate rises because

(A) as the economy initially recovers from a recession the demand for goods and services falls, so the demand for workers falls.

(B) as the economy begins to recover from a recession, workers who were previously discouraged about their chances of finding a job begin to look for work again.

(C) as the economy begins to recover from a recession because of the errors in the way the data are collected.

(D) as the economy initially recovers from a recession, firms do not immediately increase the number of workers they hire. Firms wait to hire more individuals until they are convinced that the recovery is strong.

**9.** जीवन चक्र प्राक्कल्पना मानते हुए, मान लो एक व्यक्ति जब वह 20 वर्ष की आयु का होता है काम करना प्रारम्भ करता है, 60 वर्ष की आयु तक काम करता है और 70 वर्ष की आयु तक मरने की अपेक्षा करता है । यदि यह व्यक्ति, जब 20-30 वर्ष का होता है तो, मान लो, ₹ 1.50 लाख वार्षिक कमाता है, जब वह 30-45 वर्ष की आयु का है तो ₹ 2 लाख वार्षिक कमाता है, और जब वह 40-60 वर्ष का होता है तो ₹ 3 लाख वार्षिक कमाता है, तो उपभोग की उसकी जीवन कालिक औसत प्रवृत्ति क्या होगी ?

(A) 0.60 (B) 0.70

(C) 0.80 (D) 0.90

**10.** मुद्रा की माँग के सम्बन्ध में, सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | मुद्रा की माँग स्थिर है | 1. | जे.एम. कीन्स |
| b. | जोखिम के प्रति व्यवहार के रूप में तरलता वरीयता | 2. | डब्ल्यू. बॉमोल |
| c. | इंवेन्ट्री (मालसूची) सैद्धान्तिक उपागम | 3. | जेम्स टॉबिन |
| d. | कोई पोर्टफोलियो विविधता नहीं | 4. | मिल्टन फ्रीडमैन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**11.** वास्तविक जी.डी.पी. और उसके प्रवृत्ति मूल्य के बीच अन्तराल, तथा वास्तविक बेरोजगारी दर और उसके संतुलन मूल्य के बीच जो अन्तर है उन दोनों के बीच ऋणात्मक सम्बन्ध क्या कहलाता है ?

(A) समग्र पूर्ति वक्र

(B) फिलिप्स वक्र

(C) बेरोजगारी की प्राकृतिक दर की प्राक्कल्पना

(D) ओकन का नियम

**12.** यह प्राय: सत्य होता है कि जब अर्थव्यवस्था मंदी से बाहर निकलने लगती है, तो बेरोजगारी की दर बढ़ती है क्योंकि

(A) जब अर्थव्यवस्था मंदी से प्रारम्भ में बाहर निकल आती है तो वस्तुओं एवं सेवाओं की माँग कम हो जाती है, इसलिये श्रमिकों की माँग कम हो जाती है ।

(B) जब अर्थव्यवस्था मंदी से बाहर निकलने लगती है, तो श्रमिक जो काम पाने के अपने अवसरों के बारे में निराश हो गये थे, अब फिर से काम के लिये प्रयास करने लगते हैं ।

(C) अर्थव्यवस्था, डेटा एकत्रित करने के तरीके में त्रुटियों के कारण, मंदी से बाहर निकलने लगती है ।

(D) जब अर्थव्यवस्था मंदी से शुरू में बाहर निकलती है, तो फर्में तुरन्त ही श्रमिकों की संख्या में वृद्धि नहीं करती हैं । फर्में ज्यादा व्यक्तियों को भाड़े पर काम में लगाने के लिये तब तक प्रतीक्षा करती हैं जब तक उन्हें अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने का विश्वास नहीं हो जाता है ।

**13.** When additional government expenditure is financed by selling government securities, then what will be the nature of crowding out effect, given in List – I in the context of the situation given in List – II ?

| | **List – I** Crowding out effect | | **List – II** Situation |
|---|---|---|---|
| a. | Full | 1. | Keynesian Range |
| b. | Partial | 2. | Classical Range |
| c. | Nil | 3. | Intermediate Range |

**Codes :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 3 |

**14.** Match items given in List – I with those in List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Equation of Exchange | 1. | J.M. Keynes |
| b. | Cash Balances Approach | 2. | Irving Fisher |
| c. | Regressive Expectation model of Demand for Money | 3. | W.J. Baumol |
| d. | Square Root Formula of Demand for Money | 4. | A.C. Pigou and Alfred Marshall |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**15.** The premise, that benefit of economic growth will reach all sections of population is called

(A) Trickle up effect
(B) Trickle down effect
(C) Take-off effect
(D) Backlash effect

**16.** In whose growth model, entrepreneur's significance is pivotal ?

(A) Keynes
(B) Schumpeter
(C) Harrod
(D) Domar

**17.** The classical model of economic development emphasises

(A) Laissez-Faire Policy
(B) Capital Accumulation
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

**18.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

| | **Author** | **Book** |
|---|---|---|
| (A) | Simon Kuznets | Asian Drama |
| (B) | J. Robinson | Essays in the Theory of Economic Growth |
| (C) | Karl Marx | Das Kapital |
| (D) | A.W. Lewis | Theory of Economic Growth |

**19.** What does change in economic growth ?

(A) Structure of economy
(B) Mindsets of people
(C) National Income
(D) None of these

**13.** जब अतिरिक्त सरकारी व्यय सरकारी प्रतिभूतियों के विक्रय के द्वारा वित्तपोषित होता है तो फिर सूची-II में दी गई स्थिति के सन्दर्भ में सूची-I में दिये गये क्राऊडिंग आऊट प्रभाव की प्रकृति क्या होगी ?

| **सूची – I (क्राऊडिंग आऊट प्रभाव)** | **सूची – II (स्थिति)** |
|---|---|
| a. पूर्ण | 1. कीन्सवादी विस्तृति |
| b. आंशिक | 2. क्लासिकल विस्तृति |
| c. शून्य | 3. मध्यवर्ती विस्तृति |

**कूट :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 3 |

**14.** सूची-I में दी गई मदों को सूची-II में दी मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. विनिमय का समीकरण | 1. जे.एम. कीन्स |
| b. नकद शेष उपागम | 2. इरविंग फिशर |
| c. मुद्रा की माँग का प्रतिगामी प्रत्याशा मॉडल | 3. डब्ल्यू.जे. बॉमोल |
| d. मुद्रा की माँग का वर्गमूल फॉर्मूला | 4. ए.सी. पीगू एवं अल्फ्रेड मार्शल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**15.** यह धारणा कि आर्थिक संवृद्धि का लाभ जनसंख्या के सभी वर्गों को पहुँचेगा क्या कहलाती है ?

(A) ट्रिकल अप प्रभाव

(B) ट्रिकल डाऊन प्रभाव

(C) टेक-ऑफ प्रभाव

(D) प्रति प्रभाव (बैकलैश प्रभाव)

**16.** किसके ग्रोथ मॉडल में, उद्यमी का महत्त्व निर्णायक या धुराग्रीय होता है ?

(A) कीन्स (B) शुम्पीटर

(C) हैरोड (D) डोमर

**17.** आर्थिक विकास का क्लासिकल मॉडल किस पर ज़ोर देता है ?

(A) अहस्तक्षेप नीति

(B) पूँजी संचय

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही मेलित नहीं है ?

| | **लेखक** | | **पुस्तक** |
|---|---|---|---|
| (A) | साइमन कुजनेट्स | : | एशियन ड्रामा |
| (B) | जे. रोबिन्सन | : | असेस इन दी थ्योरी ऑफ इकोनोमिक ग्रोथ |
| (C) | कार्ल मार्क्स | : | दास कैपीटल |
| (D) | ए. डब्ल्यू. लेविस | : | थ्योरी ऑफ इकोनोमिक ग्रोथ |

**19.** आर्थिक संवृद्धि में क्या परिवर्तित होता है ?

(A) अर्थव्यवस्था की संरचना

(B) लोगों की मानसिकता

(C) राष्ट्रीय आय

(D) इनमें से कोई नहीं

**20.** Which States/U.Ts. have been placed at first three places in Gender Development Index List 2006 made by the Government of India ?

(A) Kerala, Chandigarh, Goa

(B) Kerala, Goa, Chandigarh

(C) Chandigarh, Goa, Kerala

(D) Goa, Kerala, Chandigarh

**21.** **Assertion (A) :** There is no incentive for a profit maximizing producer to supply the public goods.

**Reason (R) :** If he produces it he is unable to exclude people from consuming it and hence he cannot charge a price.

**Codes :**

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) (A) is not correct, but (R) is correct

(D) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

**22.** The distribution of the burden of paying a tax is called

(A) Sharing of tax burden

(B) Shifting of the tax

(C) Incidence of a tax

(D) Tax capitalization

**23.** Which one of the following is short period debt meant to meet current needs, that is filling temporary gap in budgets ?

(A) Funded debt

(B) Unfunded debt

(C) Redeemable debt

(D) Irredeemable debt

**24.** Monetised deficit means

(A) Fiscal deficit less interest payments

(B) Government expenditure which is financed through the sale of adhoc treasury bills.

(C) Increase in RBI credit to Central Government.

(D) Fiscal deficit less loans and advances.

**25.** A proportionate increase in tax revenue to a proportionate increase in the tax base is called

(A) Elasticity of a tax

(B) Buoyancy of a tax

(C) Neutrality of a tax

(D) None of the above

**26.** 'Vent for surplus approach' is applicable to

(A) Rich countries

(B) Underdeveloped countries

(C) Oil exporting countries

(D) None of the above

**27.** According to monetary approach, a revaluation of a nation's currency

(A) increases the nation's demand for money.

(B) increases the nation's supply of money

(C) reduces the nation's demand for money

(D) reduces the nation's supply of money

**20.** भारत सरकार द्वारा तैयार की गई जेंडर विकास सूचकांक सूची, 2006 में कौन से राज्यों/संघ क्षेत्रों को प्रथम तीन स्थानों पर रखा गया है ?

(A) केरल, चंडीगढ़, गोआ

(B) केरल, गोआ, चंडीगढ़

(C) चंडीगढ़, गोआ, केरल

(D) गोआ, केरल, चंडीगढ़

**21.** **अभिकथन (A)** : लाभ अधिकतम करने वाले उत्पादक को सार्वजनिक वस्तुओं की आपूर्ति करने की कोई प्रेरणा नहीं होती है ।

**कारण (R)** : यदि वह उनका उत्पादन करता है तो वह लोगों को उनका उपभोग करने से रोक नहीं पाता है और इसलिये वह कीमत वसूल नहीं कर सकता है ।

**कूट** :

(A) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**22.** कर देने के भार के वितरण को क्या कहते हैं ?

(A) कर भार बाँटना

(B) कर विवर्तन

(C) कर का प्रभाव

(D) कर पूँजीकरण

**23.** चालू आवश्यकताओं को पूरा करने वाला, अर्थात् बजट में अस्थायी अन्तराल को भरने का अल्पकालिक ऋण कौन सा है ?

(A) निधिबद्ध ऋण

(B) अनिधिबद्ध ऋण

(C) शोधनीय ऋण

(D) अशोधनीय ऋण

**24.** मौद्रिक घाटे का अर्थ है

(A) राजकोषीय घाटा-कम-ब्याज भुगतान

(B) सरकारी व्यय जो तदर्थ राजकोष पत्रों (हुँडी) की बिक्री के जरिये वित्तपोषित होता है ।

(C) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा केन्द्रीय सरकार को ऋण में वृद्धि

(D) राजकोषीय घाटा-कम-ऋण एवं अग्रिम राशियाँ

**25.** कराधार में आनुपातिक वृद्धि के कारण राजस्व में आनुपातिक वृद्धि क्या कहलाती है ?

(A) कर की लोचनीयता

(B) कर की उत्प्लावकता

(C) कर की तटस्थता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** 'वेंट फॉर सरप्लस एप्रोच' किस पर प्रयुक्त हो सकता है ?

(A) धनी देश

(B) अल्प विकसित देश

(C) तेल निर्यातक देश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** मौद्रिक दृष्टिकोण के अनुसार, राष्ट्र की करेन्सी का पुनर्मूल्यांकन

(A) मुद्रा के लिये राष्ट्र की माँग बढ़ा देता है ।

(B) मुद्रा के लिये राष्ट्र की आपूर्ति में वृद्धि करता है ।

(C) मुद्रा के लिये राष्ट्र की माँग को कम करता है ।

(D) मुद्रा के लिये राष्ट्र की आपूर्ति घटा देता है ।

**28.** The Bretton Woods System was based on
(A) a gold standard
(B) a flexible exchange rate system
(C) a gold exchange standard
(D) none of the above

**29.** The imposition of an import tariff by a large nation
(A) usually improves the nation's terms of trade and increases the volume of trade.
(B) worsens the nation's terms of trade but increases the volume of trade
(C) worsens the nation's terms of trade and reduces the volume of trade.
(D) usually improves the nation's terms of trade but reduces the volume of trade.

**30.** The value of foreign trade multiplier will be high under the condition when
(A) marginal propensity to save is high
(B) marginal propensity to import is high
(C) there is increase in exports
(D) marginal propensity to consume domestic goods is high

**31.** Match the weight of different industry groups between List-I & List-II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Basic goods industries | 1. 45.7 |
| b. Capital goods industries | 2. 8.8 |
| c. Intermediate goods industries | 3. 15.7 |
| d. Consumer goods industries | 4. 29.8 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**32.** Plant load factor of thermal power stations in India in recent years has been around
(A) 50 percent
(B) 60 percent
(C) 70 percent
(D) 80 percent

**33.** Which of the following is not the part of National Telecom Policy (NTP) 2012 in India ?
(A) Strive to create One-Nation-One License across services and service areas.
(B) Achieve One Nation – Full Mobile number portability
(C) To work towards 'Right to Broadband'
(D) Recognize telecom as basic goods industry

**34.** Percentage share of the manufacturing output of India in the world total is now
(A) 2.2 percent
(B) 3.9 percent
(C) 6.2 percent
(D) 7.5 percent

**35.** India's current account deficit in Balance of Trade is mainly due to
(a) Increasing imports of oil and petroleum
(b) Increasing imports of gold and silver
(c) Increasing imports of food grains
(d) Increasing imports of iron and steel

**Codes :**
(A) (a), (b) and (c)
(B) (a) and (c)
(C) (a) and (b)
(D) (a) and (d)

**28.** ब्रेटन वुड्स व्यवस्था किस पर आधारित थी ?

(A) स्वर्णमान

(B) लचीली विनिमय दर प्रणाली

(C) स्वर्ण विनिमय मान

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** एक बड़े राष्ट्र द्वारा आयात प्रशुल्क का आरोपण

(A) सामान्यतया राष्ट्र की व्यापार शर्तों को सुधारता है और व्यापार की मात्रा में वृद्धि करता है ।

(B) राष्ट्र की व्यापार शर्तों को बदतर कर देता है परन्तु व्यापार की मात्रा में वृद्धि करता है ।

(C) राष्ट्र की व्यापार शर्तों को बदतर कर देता है और व्यापार की मात्रा को कम कर देता है ।

(D) सामान्यतया राष्ट्र की व्यापार शर्तों को सुधारता है परन्तु व्यापार की मात्रा को कम करता है ।

**30.** विदेशी व्यापार गुणक का मूल्य उच्च होगा जब

(A) बचत की सीमान्त प्रवृत्ति उच्च है ।

(B) आयात की सीमान्त प्रवृत्ति उच्च है ।

(C) निर्यातों में वृद्धि होती है ।

(D) घरेलू वस्तुओं के उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति उच्च है ।

**31.** सूची-I और सूची-II के बीच भिन्न उद्योग समूहों के भार को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. मूलभूत वस्तुओं का उद्योग | 1. 45.7 |
| b. पूँजीगत वस्तुओं का उद्योग | 2. 8.8 |
| c. मध्यवर्ती वस्तुओं का उद्योग | 3. 15.7 |
| d. उपभोक्ता वस्तु उद्योग | 4. 29.8 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**32.** भारत में हाल ही के वर्षों में थर्मल पावर स्टेशनों का प्लांट लोड फैक्टर लगभग कितना रहता है ?

(A) 50 प्रतिशत (B) 60 प्रतिशत

(C) 70 प्रतिशत (D) 80 प्रतिशत

**33.** भारत में राष्ट्रीय टेलीकॉम नीति (NTP), 2012 का अंश निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

(A) भिन्न सेवाओं एवं सेवा क्षेत्रों में एक-राष्ट्र-एक लाइसेंस सृजित करने का प्रयास करना ।

(B) एक राष्ट्र - पूर्ण मोबाइल नंबर संवहनीयता प्राप्त करना ।

(C) ब्रोडबैंड अधिकार के लिये कार्य करना ।

(D) टेलीकॉम को मूलभूत वस्तु उद्योग के रूप में मानना ।

**34.** सम्पूर्ण विश्व में भारत के विनिर्माण उत्पादन का प्रतिशत हिस्सा अब कितना है ?

(A) 2.2 प्रतिशत (B) 3.9 प्रतिशत

(C) 6.2 प्रतिशत (D) 7.5 प्रतिशत

**35.** व्यापार संतुलन में भारत का चालू लेखा घाटा मुख्य रूप से किस कारण से है ?

(a) तेल एवं पेट्रोलियम के वर्द्धमान आयात

(b) स्वर्ण एवं चाँदी का वर्द्धमान आयात

(c) खाद्यानों का वर्द्धमान आयात

(d) लौह एवं स्टील का वर्द्धमान आयात

**कूट :**

(A) (a), (b) एवं (c) (B) (a) एवं (c)

(C) (a) एवं (b) (D) (a) एवं (d)

**36.** The MRTP Act of 1969 has been

(A) replaced by Competition Act 2002

(B) merged in Industrial Policy Act of 1978

(C) replaced by Trade Union (Amendment) Act 2001

(D) merged in Industrial Policy Act of 1991

**37.** In the context of agricultural development the trickle down theory has been interpreted to suggest that

a. Growth in agriculture output without radical institutional reforms will reduce the incidence of poverty.

b. Growth in agriculture output with radical institutional reforms will reduce the incidence of poverty

c. Only radical institutional reforms can reduce the incidence of poverty.

d. Only growth in agriculture output will reduce incidence of poverty.

(A) Both a and b

(B) Both a and c

(C) b only

(D) d only

**38.** As per the latest figures of the Ministry of Agriculture the per capita per day foodgrains availability is

(A) 280 gm

(B) 440 gm

(C) 580 gm

(D) 900 gm

**39.** In which year the Kissan Credit Card System was introduced ?

(A) 1978

(B) 1998

(C) 1988

(D) 2008

**40.** **Assertion (A) :** PL-480 grants was used to import foodgrains.

**Reason (R) :** PL-480 grants facility was granted by Japan.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**41.** Productivity of groundnut is highest in

(A) U.S.A.

(B) Mexico

(C) India

(D) China

**42.** NAFED is a

(A) Company

(B) Non-Government Organisation

(C) Government Body

(D) Cooperative Organisation

**43.** Based on the SRS data for 2010 in India, which of the following seems to be incorrect ?

(A) TFR = 2.5

(B) CDR = 7.2

(C) IMR = 48.9

(D) CBR = 24.2

**36.** 1969 का एम.आर.टी.पी. (MRTP) अधिनियम –

(A) 2002 के प्रतिस्पर्धा अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है ।

(B) 1978 के औद्योगिक नीति अधिनियम में विलयन कर दिया गया है ।

(C) मजदूर संघ (संशोधन) अधिनियम, 2001 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया ।

(D) 1991 के औद्योगिक नीति अधिनियम में विलयन कर दिया गया ।

**37.** कृषि सम्बन्धी विकास के संदर्भ में, ट्रिकल डाऊन थ्योरी की व्याख्या क्या बताने के लिये की गई है ?

a. आमूलचूल सांस्थानिक सुधारों के बगैर कृषिक उत्पादन में संवृद्धि गरीबी का प्रभाव घटा देगी ।

b. आमूलचूल सांस्थानिक सुधारों के साथ कृषिक उत्पादन में संवृद्धि गरीबी का प्रभाव कम कर देगी ।

c. सिर्फ आमूल सांस्थानिक सुधार ही गरीबी का प्रभाव कम कर सकते हैं ।

d. सिर्फ कृषिक उत्पादन में संवृद्धि ही गरीबी का प्रभाव कम करेगी ।

(A) a और b दोनों

(B) a और c दोनों

(C) केवल b

(D) केवल d

**38.** कृषि मन्त्रालय के नवीनतम आँकड़े के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन खाद्यानों की उपलब्धता है

(A) 280 ग्राम (B) 440 ग्राम

(C) 580 ग्राम (D) 900 ग्राम

**39.** किसान क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था किस वर्ष में प्रारम्भ की गई थी ?

(A) 1978 (B) 1998

(C) 1988 (D) 2008

**40.** **अभिकथन (A)** : पी.एल. – 480 अनुदानों को खाद्यानों के आयात के लिये उपयोग किया गया था ।

**कारण (R)** : पी.एल. – 480 अनुदान सुविधा जापान द्वारा दी गई थी ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**41.** मूँगफली की उत्पादकता कहाँ उच्चतम है ?

(A) यू.एस.ए. (B) मैक्सिको

(C) भारत (D) चीन

**42.** नाफेड क्या है ?

(A) कम्पनी

(B) गैर-सरकारी संगठन

(C) सरकारी निकाय

(D) सहकारी संगठन

**43.** भारत में, वर्ष 2010 के लिये एस.आर.एस. डेटा के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा गलत है ?

(A) TFR = 2.5

(B) CDR = 7.2

(C) IMR = 48.9

(D) CBR = 24.2

**44.** Upto which census, synchronous de facto method was adopted in India wherein the census was conducted throughout the country in a single night ?

(A) 1901 (B) 1931
(C) 1951 (D) 1971

**45.** Match the following :

| | **Group – I** | | **Group – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Type II error | 1. | $P_{01} \times P_{10} = 1$ |
| b. | Mean > Mode | 2. | Probability of not rejecting $H_0$ when it was not true |
| c. | Population is homogenous | 3. | Positively skewed distribution |
| d. | Time Reversal Test | 4. | Simple random sampling |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**46.** **Assertion (A) :** For normal distribution Mean = Median = Mode.

**Reason (R) :** Normal distribution is mesokurtic.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**47.** Given the two regression lines estimated from given data as under :

$$Y = 4 + 0.4X$$
$$X = -2 + 0.9Y$$

Then coefficient of correlation between X and Y will be

(A) 0.4
(B) 0.5
(C) 0.6
(D) 0.8

**48.** Which of the following satisfy time reversal test but not factor reversal test ?

(A) Laspeyre's Index No.
(B) Fisher's Index No.
(C) Paasche's Index No.
(D) Marshall-Edgeworth Index No.

**49.** The value of $\chi^2$ in a 3 × 5 contingency table is computed as 8.0. The Null hypothesis of no association will be tested at 5% level of significance, if this value is less than or equal to the value of $\chi^2$ from the table at degrees of freedom :

(A) 8
(B) 6
(C) 4
(D) 3

**50.** Which is a non-probability based sampling method ?

(A) Systematic Sampling
(B) Stratified Random Sampling
(C) Quota Sampling
(D) Simple Random Sampling

**44.** भारत में, किस जनगणना तक समकालिक वास्तविक पद्धति (de facto) को अपनाया जाता था जिसमें देश भर में एकल रात्रि में जनगणना की गई थी ?

(A) 1901 (B) 1931

(C) 1951 (D) 1971

**45.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **समूह – I** | **समूह – II** |
|---|---|
| a. टाइप-II त्रुटि | 1. $P_{01} \times P_{10} = 1$ |
| b. माध्य > बहुलक | 2. जब वह सत्य नहीं है, तो $H_0$ को अस्वीकार नहीं करने की प्रायिकता |
| c. जनसंख्या समरूप है | 3. धनात्मक रूप से विषम / ढलवाँ बंटन |
| d. समय विपर्यय परीक्षण | 4. सरल यादृच्छिक प्रतिचयन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**46.** **अभिकथन (A)** : सामान्य बंटन के लिये माध्य = माध्यिका = बहुलक है ।

**कारण (R)** : सामान्य बंटन मेसोकुर्तिक (मध्यम वक्रता मात्रा) है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**47.** दिये गये डेटा से अनुमानित दो समाश्रयण रेखाएँ :

$Y = 4 + 0.4 X$

$X = -2 + 0.9 Y$

दी गई होने पर, X और Y के बीच सहसम्बन्ध गुणांक होगा

(A) 0.4 (B) 0.5

(C) 0.6 (D) 0.8

**48.** निम्नलिखित में से कौन सा समय विपर्यय परीक्षण को संतुष्ट करता है परन्तु कारक विपर्यय परीक्षण को संतुष्ट नहीं करता है ?

(A) लेसपेयरस सूचकांक

(B) फिशर सूचकांक

(C) पाशे का सूचकांक

(D) मार्शल - एजवर्थ सूचकांक

**49.** $3 \times 5$ प्रासंगिकता तालिका में $\chi^2$ का मूल्य 8.0 परिकलित किया गया है । शून्य साहचर्य की शून्य प्राक्कल्पना को 5% के सार्थकता स्तर पर परीक्षण किया जायेगा, यदि यह मूल्य निम्नलिखित स्वातन्त्र्य कोटि पर, तालिका में दिये $\chi^2$ के मूल्य के बराबर या उससे कम है :

(A) 8 (B) 6

(C) 4 (D) 3

**50.** गैर-प्रायिकता आधारित प्रतिचयन पद्धति कौन सी है ?

(A) व्यवस्थित प्रतिचयन

(B) स्तरित यादृच्छिक प्रतिचयन

(C) कोटा (नियतांश) प्रतिचयन

(D) सरल यादृच्छिक प्रतिचयन

**Space For Rough Work**